संक्षिप्त

नांगल गोविंद में विकास कार्यों का लोकार्पण

चौमूं / कालाडेरा(निसं)। चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांगल गोविंद में बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीकर सांसद अमराराम एवं चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने शिरकत कर जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक कोष से निर्मित सीसी रोड, लागत 30 लाख, सांसद कोष से निर्मित सीसी रोड, लागत 5 लाख, उप स्वास्थ्य केन्द्र, बगड़ी तथा ग्राम रणजीतपुरा में रमसा के तहत निर्मित 2 कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सांसद अमराराम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सड़क एवं अन्य विकास कार्यों से ग्रामीणों की आवागमन संबंधी सुविधाओं में सुधार होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

किसान महापंचायत ने कलेक्टर टीना डाबी से चर्चा की

निवाई(निसं)। किसान महापंचायत ने किसानों की मांगों को लेकर महापंचायत के ब्लॉक दशरथ सिंह पलेई के नेतृत्व में जिला कलेक्टर टीना डाबी से चर्चा की एवं समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। महापंचायत के ब्लॉक दशरथ सिंह पलेई ने बताया कि जिला कलेक्टर टीना डाबी से निवाई क्षेत्र को नहरी तंत्र से जोडऩे एवं किसानों को खाद की किल्लत को देखते हुए अति शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस दौरान कृषि विभाग अधिकारी एवं अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे एवं अपने विचार भी रखें। इस दौरान जिला कलेक्टर टीना डाबी ने किसानों की उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, जिला अध्यक्ष गोपीलाल जाट, उपाध्यक्ष सीताराम, शंकरलाल मीणा, मोहनलाल चौधरी, राधेश्याम गोहरपुरा, शंकर मीना, महामंत्री सांवरमल चौधरी व राजाराम पहाड़ी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

भामाशाहों ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौंसला

पावटा(निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय किशना वाली, भांकरी में नि:शुल्क सामग्री वितरण समारोह उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, शैक्षिणक सामग्री, पोशाक, जूते एवं आईकार्ड वितरित किए गए। उपहार पाकर नन्हे विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी देखते ही बनी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीईईओ शेरसिंह (भांकरी) रहे। समारोह में विद्यालय के शिक्षक सनोज बाई एवं भूपेन्द्र थालौड़ सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं अतिथियों ने शिरकत की। समारोह में भामाशाहों ने विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग किया। जिसमें अशोक सीए एवं शोणाराम सैनी, शोणा मोटर्स की ओर से स्कूल बैग वितरित किए गए। राजू मिस्त्री एवं डॉ. अशोक सैनी ने विद्यार्थियों को पोशाक उपलब्ध कराई।

चौमूं में 23 सितम्बर से उर्स शुरू

मनोहरपुर (निसं)। जयपुर ग्रामीण के चौमूं कस्बे के रावण गेट, मोहल्ला नागोरियान में इस बार फिर सूफियाना रंग बिखरने वाला है। हजरत सैयदना अमीर अबुल आला के नूरे चश्म सूफी नईमुद्दीन उर्फ बरकतुल्ला शाह बंगाली बाबा के लगते जिगर, हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी मुंशी बुरहान उल्ला उर्फ अबुल उलाई इश्की बरकती दायमी इज्जती चिश्ती का 23 वां सालाना उर्स-ए-मुबारक बड़ी ही अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। उर्स कमेटी के संयोजक मो. फिरोज अबुल उलाई ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और अकीदतमंदों में भारी उत्साह है।

तेजाजी महाराज मंदिर में भंडारा आयोजित

मनोहरपुर (निसं)। तिलोकवाली चक मनोहरपुर स्थित श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान महासियों द्वारा सत्संग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।

डीग को मिला नया जिला न्यायालय परिसर, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन शुरू

अधिवक्ताओं को चैंबर्स और पक्षकारों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा

डीग भरतपुर (निसं)। जिला मुख्यालय पर नगर रोड स्थित नवनिर्मित जिला न्यायालय परिसर का बुधवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजय के अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में डीग जिला संरक्षक न्यायाधिपति बलजिंदर सिंह भी मौजूद रहे। उद्घाटन के साथ ही लंबे समय से आधुनिक न्यायालय भवन की आवश्यकता पूरी होने की उम्मीद जगी है। मुख्य न्यायाधिपति अग्रवाल ने नवनिर्मित भवन के लिए स्थानीय न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आमजन को सहज और बेहतर न्याय उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त नवीन न्याय भवन की आवश्यकता थी, जो अब पूरी हो रही है। उन्होंने न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए नवीन न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चौंबर्स उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति संजय के अग्रवाल ने उद्घाटन किया।

- आमजन को सहज, बेहतर न्याय उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त न्याय भवन की आवश्यकता थी, जो अब पूरी हो रही है

जिला एवं सेशन न्यायाधीश हेमराज गौड़ ने कहा कि नया भवन स्थानीय पक्षकारों और अधिवक्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ भविष्य में न्यायिक व्यवस्था के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि नवीन न्यायालय परिसर काफी समय पहले निर्मित हो चुका था, लेकिन जिला मुख्यालय पर आधुनिक स्तर की सुविधाओं वाले न्याय भवन की आवश्यकता थी, जो अब पूरी हो गई है। अधिवक्ताओं के चौंबर्स सहित अन्य सुविधाओं तथा पक्षकारों के लिए जिला न्यायालय स्तर की आवश्यक व्यवस्थाओं को विकसित करने के लिए स्थानीय स्तर से उच्च न्यायालय को प्रस्ताव भेजा गया है।

कार्यक्रम में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सरोज मीणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रामकृष्ण शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू सकीत, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नमो नारायण मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट भाविका कुलहरी, जिला लोक अभियोजक राकेश खंडेलवाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुबोध पाराशर, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश पटेल, लोकेंद्र सिंह फौजदार, बदन सिंह फौजदार, रमाकांत शर्मा, अनिल कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

विभिन्न प्रकरणो में सात आरोपी गिरफ्तार

टोंक(निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन के निर्देशन में चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान व अवैध हथियारो की धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए नासिरदा थानाधिकारी रोड़ूराम के नेतृत्व मे गठित थाना टीम व जिला स्पेशल टीम की अलग अलग टीमों ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए कस्बा नासिरदा मे दो स्थानो पर गश्त के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीबन 2 लाख 63 हजार रुपये कीमत की 13.16 ग्राम अवैध स्मैक पाउडर बरामद कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार अन्य टीम ने विभिन्न स्थानो पर धारदार हथियार चाकु जैसी वस्तुओं को बरामद कर आरोपियों के ख्लिाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। वही अन्य टीम ने क्षैत्र में अवैध हथकड शराब परिवहन करते हुए आरोपियों के कब्जे से 10 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। इस कार्यवाही पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में आरोपी सुशीला सांसी पत्नी स्व. मंगल सांसी, रामसिंह पुत्र लखमराम मीणा उम्र 50 साल, संजय सिंह पुत्र हिम्मत सिंह सांसी उम्र 37 साल निवासी, आदि अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

खैरथल में सभापति की कुर्सी को लेकर घमासान, पांच दावेदार मैदान में उतरे

सभापति के लिए कांग्रेस का साथ छोड़ भाजपा में शामिल हुए विक्रम सिंह चौधरी ने भाजपा से भरा नामांकन

खैरथल (निसं)। नगर परिषद खैरथल की राजनीति में तेजी से बदले समीकरणों के बीच नगर परिषद सभापति पद का मुकाबला अब बहुकोणीय हो गया है। सभापति पद के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। भाजपा की ओर से कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए वार्ड 31 के पार्षद विक्रम सिंह चौधरी (विक्की) मैदान में हैं, जबकि कांग्रेस ने हारे हुए ओमप्रकाश रोघा को प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सर्वेश गुप्ता, सुमित रोघा और नवल सिंह ने भी सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया है।

- कांग्रेस ने हारे हुए ओमप्रकाश रोघा पर जताया भरोसा, तीन निर्दलीयों समेत पांच प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

नामांकन से पहले खैरथल की सियासत में उस समय बड़ा बदलाव आया, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम चौधरी (विक्की) ने 11 पार्षदों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के आवास पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की मौजूदगी में विक्रम चौधरी समेत 11 पार्षद भाजपा में शामिल होने का दावा किया था। इसके बाद खैरथल नगर परिषद में दोनों प्रमुख दलों के बीच राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं।

भाजपा में शामिल होने के बाद विक्रम चौधरी (विक्की) ने नगर परिषद खैरथल के वार्ड नंबर 31 के पार्षद पद की शपथ भी ग्रहण की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर रिटर्निंग अधिकारी लाल चन्द के समक्ष शपथ ली। इस दौरान एडवोकेट भानूप्रकाश अग्रवाल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने सभापति पद के लिए पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं के साथ नगर परिषद खैरथल कार्यालय पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

पत्रकार की वार्ता में कहा कि विक्रम चौधरी के भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने इसे पार्टी के लिए मजबूती बताते हुए कहा कि कम सीटें आना मायने नहीं रखता, बल्कि अंतिम परिणाम हमारे पक्ष में आना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, चमत्कार अभी और होगा, आप देखना, खैरथल के सभापति विक्रम चौधरी होंगे।वहीं, विक्रम चौधरी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में छिपे बैठे हैं गद्दार वो नहीं चाहते कांग्रेस का बोर्ड बने। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक बयानबाजी और तीखी हो गई है। विक्रम के आरोपों ने कांग्रेस के भीतर की कथित खींचतान को लेकर चर्चाओं को और हवा दे दी है। सभापति पद के लिए पांच नामांकन दाखिल होने के बाद मुकाबला बहुकोणीय हो गया है। भाजपा ने विक्रम चौधरी पर दांव लगाया है, जबकि कांग्रेस से हारे हुए ओमप्रकाश रोघा चुनाव मैदान में हैं। तीन निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में होने से चुनावी गणित और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

कालाडेरा में भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

चौमूं/कालाडेरा (निसं)। कालाडेरा नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। कालाडेरा सहरिया कॉलेज में बनायें गए कक्ष में रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव सहायक कलेक्टर के समक्ष अध्यक्ष पद

- भाजपा से उर्मिला कुमावत, कांग्रेस से बबीता कुमावत ने जताई दावेदारी

के लिए भाजपा की ओर से वार्ड संख्या 20 की पार्षद उर्मिला कुमावत ने नामांकन दाखिल किया, वहीं कांग्रेस की ओर से वार्ड नम्बर 2 की बबीता कुमावत ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन के बाद नगरपालिका में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

कालाडेरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की वार्ड नम्बर 20 की पार्षद उर्मिला कुमावत के द्वारा रिटर्निंग अधिकारी मुक्ता राव सहायक कलेक्टर चौमूं के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

कालाडेरा नगर पालिका में कुल 20 वार्ड हैं। इनमें भाजपा के 12 पार्षद, कांग्रेस के 7 पार्षद और 1 निर्दलीय पार्षद हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव में पार्षदों के समर्थन को लेकर दोनों प्रमुख दलों की ओर से रणनीति बनाई जा रही है। अध्यक्ष पद के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान दोनों ही पार्टीयो के चुनाव प्रभारी के साथ ही मण्डल अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कोटकासिम में भाजपा की रेखा सैनी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

कोटकासिम (निसं)। कोटकासिम नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर बुधवार को भाजपा की रेखा सैनी निर्विरोध निर्वाचित हुईं। अध्यक्ष पद के लिए बुधवार दोपहर 3 बजे तक नामांकन दाखिल करने का समय निर्धारित था। निर्धारित समय तक रेखा सैनी के अलावा किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी ने रेखा सैनी को निर्विरोध नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया। रेखा सैनी नगर पालिका के वार्ड संख्या 10 से भाजपा के टिकट पर पार्षद निर्वाचित हुई थीं। पहली बार गठित हुई इस नगर पालिका में महिला का निर्विरोध अध्यक्ष बनना कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

- जुलूस में नहीं आई, समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस

निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद दोपहर 3 बजे उपखंड कार्यालय से ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला। जुलूस पुराने बस स्टैंड, भूतेश्वर मंदिर, नाईवाड़ा, आजाद चौक, मुख्य बाजार, रामलीला मैदान, तकिया मोहल्ला चौक होते हुए रेखा सैनी के निवास पर पहुंचा। खास बात यह रही कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा सैनी स्वयं विजय जुलूस में शामिल नहीं थीं, उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने ही जुलूस निकाला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के निवास पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान रामहेत सिंह यादव ने कहा कि यह भाजपा की जीत के साथ ही पूरे कस्बेवासियों की जीत है। नगर पालिका के गठन के बाद पहला बोर्ड भाजपा का बना है, जो विकास का नया अध्याय लिखेगा।

पावटा-प्रागपुरा व विराटनगर में सियासी तस्वीर साफ, अध्यक्ष के लिए नामांकन शुरू

पावटा-प्रागपुरा व विराटनगर पालिका में कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत

पावटा (निसं)। नगरपालिका चुनाव में पार्षदों के परिणाम घोषित होने के बाद अब दोनों नगरपालिकाओं में अध्यक्ष पद को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव परिणाम में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़े दल के रूप में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। भाजपा के खाते में 16 सीटें आई जबकि 7 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की। परिणाम सामने आने के बाद अब सबसे ज्यादा चर्चा नगरपालिका में बोर्ड गठन और चेयरमैन की कुर्सी को लेकर है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। पावटा-प्रागपुरा में अध्यक्ष पद के लिए अंतिम दिन तक भाजपा और कांग्रेस की ओर से एक-एक नामांकन दाखिल किया गया, जबकि विराटनगर में भी भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पेश कर चुनावी मुकाबले को औपचारिक रूप दे दिया। पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका के 45 वार्डों के पार्षदों के परिणाम आने के बाद अब अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर तस्वीर सामने आने लगी है। अध्यक्ष पद के नामांकन के अंतिम दिन तक कुल दो आवेदन प्राप्त हुए। कांग्रेस की ओर से वार्ड 40 की मीना देवी पत्नी अजय सैनी ने रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार के समक्ष भाजपा व कांग्रेस पार्षदो ने नामांकन पेश किया। इस दौरान पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर प्रस्तावक के रूप में उनके साथ मौजूद रहे। कांग्रेस के कई पार्षद और नेता भी नामांकन के दौरान साथ नजर आए। वही भाजपा की ओर से वार्ड 18 की मंजू अग्रवाल पत्नी गोपाल अग्रवाल ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी बृजेश कुमार ने नामांकन संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित समय तक कुल दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद अध्यक्ष पद के चुनाव की तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट होगी।

भाजपा के खाते में 16 सीटें आई जबकि 7 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की।

पर्यावरण एवं ओजोन परत के संरक्षण का दिया संदेश

कोटपूतली(निसं)। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं ओजोन परत के संरक्षण के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग कार्यालय उप वन संरक्षक कोटपूतली-बहरोड़ एवं जिला पर्यावरण समिति कोटपूतली-बहरोड़ के संयुक्त तत्वावधान में सरदार राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर, कोटपूतली में किया गया। कार्यक्रम के तहत मुख्य बाजार मार्ग पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी का शुभारंभ अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोहन सिंह नरुका ने झंडी दिखाकर किया। इसमें लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके पश्चात सरदार स्कूल के खेल परिसर में 11 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यार्थियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण तथा ओजोन परत के महत्व एवं संरक्षण के उपायों के बारे में जागरूक किया। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री महोदय के वृक्षारोपण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

सार-समाचार

सभापति पद के लिए भाजपा से कमल सैनी, कांग्रेस से रमेश पायला मैदान में

कोटपूतली(निसं)। नगर परिषद कोटपूतली के सभापति पद को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बुधवार को नामांकन प्रक्रिया के साथ ही भाजपा और कांग्रेस खेमों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के जरिए दावेदारी पेश कर दी। नगर परिषद के 60 वार्डों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के कारण सभापति चुनाव में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उपलब्ध परिणामों के अनुसार 28 निर्दलीय, 19 भाजपा और 13 कांग्रेस प्रत्याशी पार्षद निर्वाचित हुए हैं। वार्ड संख्या 24 से भाजपा पार्षद एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी ने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष बजरंग लाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, मंडल अध्यक्ष राजवीर यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने बोर्ड गठन के साथ विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। वहीं कांग्रेस ने रमेश पायला को सभापति पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। उनके नामांकन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर वार्ड संख्या 40 से निर्दलीय पार्षद निर्वाचित पूर्व चेयरमैन महेंद्र कुमार सैनी को लेकर भी चुनावी समीकरणों में चर्चा तेज है। महेंद्र सैनी ने सभापति पद के लिए भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किए थे। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रमेश पायला को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने यह समर्थन निस्वार्थ भाव से देने की बात कही है। वार्ड 40 से महेंद्र कुमार सैनी निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। कोटपूतली नगर परिषद में 60 वार्ड हैं और सभापति चुनाव के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। भाजपा के 19 और कांग्रेस के 13 पार्षद होने के कारण दोनों दलों को बहुमत के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होगी। वहीं 28 निर्दलीय पार्षदों का समूह चुनावी समीकरण में महत्वपूर्ण स्थिति में है।

10 नगरीय निकायों में 26 प्रत्याशियों ने 29 नामांकन पत्र दाखिल किए

टोंक(निसं)। नगर निकाय आम चुनाव के तहत जिले की 10 नगरीय निकायों में अध्यक्षीय पद के लिए कुल 26 प्रत्याशियों ने 29 नामांकन पत्र दाखिल किए। सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार 16 सितंबर को नगर परिषद टोंक से 3 प्रत्याशियों ने 4 नांमाकन पत्र, नगर पालिका मालपुरा से 2 प्रत्याशियों ने व निवाई से 4 प्रत्याशियों ने 5 नांमाकन पत्र, वही नगर पालिका टोडारायसिंह से 2 प्रत्याशियों ने 3 नांमाकन पत्र व देवली से 2 प्रत्याशियों ने तथा उनियारा से 2 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा। इसी प्रकार नगर पालिका डिग्गी से 3 प्रत्याशियों ने व लांबाहरिसिंह से 3, पीपलू से 2, और नगर पालिका दूनी से 3 प्रत्याशियों ने 3 नांमाकन पत्र प्रस्तुत किए। वही नगर परिषद में मयंक गोयल को कांग्रेस की ओर से चेयरमैन का प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं और सह प्रभारी सुमित गर्ग के साथ रिटर्निंग अधिकारी सीमा खेतान को बुधवार को नामांकन सौंपा। इस दौरान उनके साथ कई कांग्रेस के पार्षद भी मौजूद रहे। मयंक गोयल उम्र 26 साल जो होटल कारोबारी हैं। वह पूर्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष स्वर्गीय आत्माराम गोयल के पोते हैं। उनका पायलट से भी अच्छा तालमेल बताया जा रहा है। मयंक गोयल वार्ड 53 से जीत कर आए हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा से प्रहलाद सिंह व निर्दलीय से ओमप्रकाश ने नामांकन पत्र भरा है, आंशका लगायी जा रही है कि यदि कांग्रेस में फूट पडती है तो भाजपा का प्रत्याशी भी चेयरमेन बन सकता है।

चौमूं नगर परिषद के सभापति पद पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

चौमूं / कालाडेरा(निसं)। चौमूं नगर परिषद के वार्डों के चुनावों में भाजपा ने 30 वार्डों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद बुधवार को चौमूं नगर परिषद के सभापति पद के लिए दोनों प्रत्याशियों ने रिटर्निंग अधिकारी चौमूं उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ के समक्ष नामांकन पत्र जमा करायें। भाजपा की ओर से वार्ड नम्बर 22 के पार्षद आशीष दुसाद और कांग्रेस की ओर से वार्ड नम्बर 5 की पार्षद रजनी सैनी ने सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया। चौमूं नगर परिषद में सभापति पद के चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा की ओर से वार्ड नम्बर 22 के पार्षद आशीष दुसाद और कांग्रेस की ओर से वार्ड नम्बर 5 की पार्षद रजनी सैनी रही। भाजपा प्रत्याशी आशीष दुसाद वार्ड नम्बर 22 से पार्षद हैं। दुसाद इससे पहले भी चौमूं नगरपालिका के चेयरमैन रह चुके हैं। उनके नामांकन के साथ भाजपा ने सभापति पद के लिए अपनी दावेदारी स्पष्ट कर दी है। वहीं कांग्रेस की ओर से वार्ड नम्बर 5 की पार्षद रजनी सैनी ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान पूर्व सभापति और पार्षद विष्णु कुमार सैनी भी मौजूद रहे। दोनों प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद अब सभापति पद के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों के कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। अब सभापति पद के चुनाव को लेकर चौमूं में बैठकों और राजनीतिक जोड़-तोड़ का दौर तेज होने की चर्चा है।

गोविंदगढ़ में कांग्रेस का सिंबल निर्वाचन ऑफिस पहुंचा, उम्मीदवार नहीं

अलवर(निसं)। अलवर की गोविंदगढ़ रामबास नगरपालिका में अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ है। वार्ड 15 से पार्षद बनीं मधु गुप्ता ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं इस बीच दोपहर तीन बजे कांग्रेस का सिंबल तो उपखंड ऑफिस पहुंच गया, लेकिन पर्चा भरने के लिए प्रत्याशी और प्रस्तावक मौके पर नहीं थे। मधु गुप्ता को 141 वोट मिले थे। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार रुक्मिना को 58 वोट से हराया था। मधु गुप्ता के पति इंद्रमल चौरपुरिया गोविंदगढ़ कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। गोविंदगढ़ में पहली बार पालिका चुनाव हुए हैं। यहां 25 वार्डों में 12 पर भाजपा, 2 सीट पर कांग्रेस और 11 निर्दलीयों ने जीत हासिल की थी। रिटर्निंग अधिकारी अभिषेक चारण ने बताया- निर्धारित समय सीमा में एक नामांकन मिला है। अंतिम समय में कांग्रेस के प्रतिनिधि सिंबल लेकर आए थे, लेकिन सिंबल का उपयोग तभी होता है जब फॉर्म जमा हो। जिसके बाद सिंबल को लौटा दिया।

गोवंश में बढ़ रही लम्पी रोग की सतर्कता को लेकर हुई संगोष्ठी

निवाई(निसं)। ब्लॉक वेटरनरी हेल्थ ऑफिस निवाई में गोवंश में बढ़ रही लम्पी रोग की सतर्कता को लेकर अतिरिक्त निदेशक पशुपालन विभाग अजमेर के डॉ. नवीन परिहार की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालन विभाग के सभी अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। डॉ. नवीन परिहार ने सभी कार्मिकों को क्षेत्र में गोवंशों में लम्पी रोग का टीकाकरण करने, गौशालाओं का निरंतर निरीक्षण करने, क्षेत्र के बाहर से आ रहे गोवंश की रोकथाम के लिए चेक पोस्ट बनाने हेतु निर्देश दिए, साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर सभी गौ सेवकों एवं गौशाला प्रबंधन की सहायता से ग्राम पंचायत स्तर पर आइसोलेशन केंद्र बनाने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की सभी योजनाओं का पशुपालकों का अधिक से अधिक लाभ मिले। संगोष्ठी के समापन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया, इस दौरान रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया। डॉ.शिवराज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में निवाई क्षेत्र में लंबी रोग का प्रकोप नहीं है परंतु निकटवर्ती पजिलों में रोग का प्रकोप होने के कारण सतर्कता रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्य पूर्ण करने का आव्हान किया। इस अवसर पर डॉ . लक्ष्मण सिंह, डॉ. किशन चावला, डॉ. शिवराज शर्मा, राजाराम खंगार, सज्जन सिंह व रजीराम गुर्जर सहित सभी विभागीय कार्मिक मौजूद थे।

किशनगढ़बास में अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय मुकाबला

किशनगढ़बास(निसं)। नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए सियासी घमासान अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। नामांकन फार्म जमा कराने के अंतिम दिन तक अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन नामांकन दाखिल किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सत्यवीर सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से वार्ड 22 से निर्विरोध निर्वाचितविश्वास यादव, कांग्रेस की ओर से वार्ड 17 से जीती हुईभारती और निर्दलीय के रूप मेंसुल्तान सिंह यादवने नामांकन दाखिल किया है।